

# 17 की शाम 6 बजे से थम जायेगा चुनावी शोर गुल

**मतदान के 48 घंटे पहले केवल घर-घर दस्तक दे सकेंगे उम्मीदवार**




जबलपुर। लोकसभा निर्वाचन का चुनावी शोर गुल मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व बुधवार 17 अप्रैल की शाम 6 बजे से थम जायेगा। इस अवधि के बाद चुनाव लड रहे उम्मीदवार या राजनैतिक दल अपने चुनावी प्रचार के लिए न तो जुलूस एवं आम सभायें आयोजित कर सकेंगे और न ही लाउड स्पीकर का उपयोग कर सकेंगे। इन 48 घंटों के दौरान उम्मीदवार केवल घर-घर जाकर ही मतदाताओं से संपर्क कर सकेंगे। मतदान के होने के ठीक पूर्व के अड़तालीस घंटों के दौरान सार्वजनिक सभाओं, लाउड स्पीकर और जुलूस पर प्रतिबंध रहेगा। इस कालावधि के दौरान उम्मीदवारों द्वारा निर्वाचन के संबंध में कोई जूलूस एवं सार्वजनिक सभा आयोजित नहीं की जा सकेगी और न ही इस तरह की किसी सभा या जुलूस में वो शामिल हो सकेगा अथवा संबोधित कर सकेगा। चल चित्र-यंत्र टेलीविजन या अन्य इसी प्रकार के यंत्र या उपकरणों के माध्यम से भी निर्वाचन संबंधी मामले का जनसाधारण को प्रदर्शन इस दौरान प्रतिबंधित रहेगा। आयोग ने चेतावनी भी दी है कि यदि इन प्रतिबंधों का उल्लंघन किसी व्यक्ति द्वारा किया जाता है तो उसके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जायेगी और उसे दो वर्ष के कारावास या जुर्माने की या दोनों की सजा से एक साथ दण्डित किया जा सकेगा।

### सुबह 4 खुलेगा स्ट्रांग रूम

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना ने कलेक्ट्रेट में सभी नोडल अधिकारियों और एआरओ की बैठक लेकर मतदान सामग्री वितरण वापसी के संबंध में आवश्याक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मतदान सामग्री का वितरण जेएनकेव्हीरव्हीन परिसर से 18 अप्रैल को सुबह 5.45 बजे से शुरू हो जायेगा, स्ट्रांग रूम सुबह 4 बजे खुलेगा। विधानसभा पाटन, बरगी, जबलपुर पूर्व, जबलपुर उत्तर और सिहोरा के लिये मतदान सामग्री वितरण जेएनकेव्ही,व्ही परिसर स्थित इंडियन कॉफी हाउस के पीछे से 5.45 बजे से शुरू हो जायेगा।

### आज देना होगा चुनावी खर्च का ब्यौरा

जबलपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को मंगलवार को अपने निर्वाचन व्यय लेखा का तीसरा निरीक्षण जिला निर्वाचन कार्यालय के एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल में कराना होगा। उम्मीदवारों के निर्वाचन व्यय लेखे का निरीक्षण कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जायेगा।

### केन्द्रों को सजायें, उत्सव जैसा माहौल बनायें : कलेक्टर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सक्सेना ने आजशहपुरा जनपद पंचायत सभागृह में मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं को लेकर सचिव, रोजगार सहायक और महिला बाल विकास के सुपरवाइजर्स की बैठक की। इसदौरान उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाऐं सुनिश्चित हों। । मतदान केन्द्र को सजाये और मतदान के दिन उत्सव जैसा माहौल बनायें। बैठक में एसडीएम पीयूष दुबे और जनपद सीईओ श्रीमती सौम्या जैनभी मौजूद थे।

### कोई एक दस्तावेज दिखाकर डाल सकेंगे वोट

मतदाताओं को, जिन्हें फोटो पहचान पत्र जारी किया गया है, उन्हें मतदान से पहले मतदान केंद्र पर अपनी पहचान के लिए फोटो पहचान पत्र (ईपिक) प्रस्तुत करना होगा। वे मतदाता, जो फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।

## एक दर्जन होमगार्ड सैनिकों को राहत

जबलपुर। हाईकोर्ट से करीब एक दर्जन होमगार्ड सैनिकों को राहत मिली है। जस्टिस शील नागू व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने सीहोर व छिंदवाड़ा जिले के एक दर्जन से अधिक होमगार्ड सैनिकों को दो माह का कॉल ऑफ देने पर अंतरिम रोक लगाते हुए उन्हें सेवा में बने रहने की अनुमति दी। युगलपीठ ने मामले को सुनवाई हेतु स्वीकार कर पूर्व में लंबित प्रकरणों के साथ संलग्न करने के निर्देश दिये है। यह मामले छिंदवाड़ा के बाबूलाल युवनती, बृजेश शर्मा, मगनलाल, मेवाराम धुर्वे तथा सीहोर के मेहरबान सिंह सहित अन्य की ओर से दायर किये गये है। जिनकी ओर से बताया गया कि उन्हें एक अप्रैल 2024 से 31 मई 2024 तक का कॉल ऑफ दिया गया है। जबकि शासन ने संशोधन के जरिए एक साल में दो माह के कॉल ऑफ को बदलकर 3 साल में 2 माह का कॉल ऑफ कर दिया गया है। पहले एक साल में यह कॉल ऑफ दिया जाता था। वर्ष 2010 में होमगार्डस कर्मचारियों द्वारा हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा याचिका दायर कर नियमितीकरण, आरक्षकों के समान वेतन, पूरे वर्ष कार्य प्रदान करने एवं अन्य लाभ देने की प्रार्थना की गई थी।

# बारिश से उड़द, मूंग की फसल तबाह

**बारिश से किसानों को हुआ नुकसान**



नवभारत, जबलपुर। गर्मी के दिनों में अचानक हो रही बीच-बीच में बारिश के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पहले तो हुई बारिश के कारण गेहूं की फसलों को नुकसान हुआ था। वहीं पिछले दो दिनों में हुई तेज बारिश से उड़द और मूंग की फसल भी पूरी तरह से तबाह हो गई हैं। खासतौर पर मझौली और इंद्राना से लगे कैथरा और खिन्नी गांव में लगी उड़द और मूंग की फसलों में रविवार और सोमवार को ही बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है। जिसके कारण खेतों में लगी हुई उड़द और मूंग की फसल पूरी तरह से तबाह हो गई है,जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। आगे आने वाले दिनों में ऐसे ही मौसम रहा तो बची हुई फसल भी पूरी तरह से नष्ट हो जाएगी और इस बार किसान उड़द और मूंग की फसल नहीं बो पाएंगे।

### खेतों पर भर गया है पानी

रविवार शाम अचानक हुई तेज बारिश और सोमवार को भी दोपहर में गिरे पानी से खेतों में पानी भर गया है। जिससे उन खेतों में लगी उड़द और मूंग की फसल में काफी नुकसान पहुंचा है। किसानों द्वारा उड़द और मूंग की फसल में पहले से ही किसानों द्वारा सिंचाई की जा रही थी और अचानक कोई इस तेज बारिश के कारण खेतों में अधिक रूप से पानी भर गया। जिसके कारण जो फसलें अभी-अभी ऊग रही थी, वह पूरी तरह से पानी में डूब गई है। हालांकि किसानों द्वारा पानी की निकासी की व्यवस्थाएं की जा रही है परंतु जो फसलें पानी में डूबके नष्ट हो गई है, उससे काफी नुकसान सामने आया है।

### किसान चिंतित, 24 घंटे में बारिश की संभावना

जिले में लगातार बदल रहे मौसम से सबसे ज्यादा किसानों को ही नुकसान पहुंच रहा है। जिसमें देखा जा रहा है कि दोपहर के समय कड़ी धूप रहती है तो धीरे-धीरे शाम को मौसम बदलकर बारिश होने लगती है। मौसम विभाग द्वारा भी अगले 24 घंटे में बारिश की संभावना बताई जा रही है। जिससे किसान काफी चिंतित हैं और उनकी खड़ी हुई गेहूं की फसल के साथ-साथ उड़द और मूंग की फसल को भी नुकसान हो सकता है। जिससे किसान काफी चिंतित हैं।

# पुलिस जवानों ने दुकान संचालक से की मारपीट, तोड़फोड़

**अवैध वसूली का आरोप, वीडियो वायरल, जांच के आदेश**

**जबलपुर।** गोरखपुर थाने में पदस्थ पुलिस जवान एक दुकान संचालक से अवैध वसूली करने पहुंच गए और सीधे 20 हजार रूपए की डिमांड कर दी। मांग पूरी न होने पर पुलिस कर्मियों ने न केवल मारपीट की बल्कि दुकान में तोड़फोड़ कर दी। घटनाक्रम से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके बाद साथ ही मामले की अति. पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा से पीड़ित ने कर दी। जिसके बाद मामले में जांच के आदेश दे दिए गए है। मामले की जांच गोरखपुर सीएसपी को सौंपी गई है।

जानकारी के मुताबिक गोरखपुर थाना क्षेत्र में पियूष सोनकर की सड़क किनारे फुटपाथ पर दुकान है जहां गत दिवस गोरखपुर थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर चंद्रभान सिंह अपने अन्य साथी पुलिसकर्मियों के साथ पहुंचा और पियूष सोनकर से कहने लगा कि दुकान लगानी है, तो रुपए की व्यवस्था कर ले। साथ ही 20 हजार रूपए की मांग करने लगा। जब दुकान संचालक ने कहा कि वह गरीब है दिन भर में दो 400-500 ही कमा पता है तो उसकी दुकान में तोड़फोड़ कर दी। इसके बाद फिर थाने के कॉन्स्टेबल शैलेन्द्र सनोडिया, कैलाश पॉल, रोहित दुबे और नरेन्द्र मौर्य पहुंचे और रूपए की मांग करने लगे। इसके बाद झूठा प्रकरण लगाकर जेल भेज की धमकी देकर उसके साथ मारपीट की गई।

## 22 को होगीं निरस्त परीक्षाएं

जबलपुर। महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र लमती विजयनगर की 21 फरवरी 2024 की समस्त प्रश्न पत्रों की परीक्षाएं निरस्त की गई थी तथा 22 फरवरी 2024 से 29 फरवरी 2024 तक की होने वाली समस्त परिक्षाएं स्थगित की गई थी। उक्त परीक्षा केन्द्र की निरस्त एवं स्थगित किए गए प्रश्नपत्रों की परीक्षाएं 22 अप्रैल 2024 से परीक्षा केन्द्र नचिकेता महाविद्यालय, विजयनगर में आयोजित की जायेगी। संबंधित छात्र विश्वविद्यालय से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# मकान में लगी भीषण आग, गृहस्थी खाक

**9 कच्चे मकानों को सुरक्षित रखने चला 5 घंटे रेस्क्यू**

**जबलपुर।** गढ़ापुरवा स्थित एक मकान में सोमवार सुबह भीषण आग लग गई। देखते ही देखते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गृहस्थी धू-धू कर जलने लगी। घटना की सूचना तत्काल नगर निगम दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि जिस मकान में आग लगी थी उसके आसपास करीब 9 कच्चे मकान थे। जिन्हें आग की चपेट में आने से बचाने दमकल अमला आग बुझाने के साथ कच्चे मकानों को भी तर कर रहा था। इस पूरे रेस्क्यू में करीब पांच घंटे लग गए थे।

### सुबह भड़की आग पर काबू पाकर शाम को लौटे

जानकारी के मुताबिक गढ़ा पुरवा देवी मंदिर झंडा चौक में मुकेश बर्मन परिवार के साथ रहते है। सोमवार सुबह करीब 10:40 बजे मकान में अचानक आग लग गई। जिसकी सूचना पंचम बर्मन ने नगर निगम दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दो फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस दौरान नौ कच्चे मकानों को सुरक्षित रखने उन्हें भी तर किया जा रहा था। जिसके चलते दमकल को पांच घंटे रेस्क्यू में लग गए। शाम पांच बजे दमकल वाहन वापिस लौटे।

मकान में आग किन कारणों से चली इसका पता नहीं चल सका है। अग्नि हादसे का कारण फिलहाल अज्ञात है। दमकल विभाग पतासाजी में जुटा हुआ है।

## गंगू पिस्टल, आसिफ चाकू समेत धराया

**जबलपुर।** अधारताल पुलिस ने व्हीकल मोड़ महाराजपुर से रिछाई की ओर जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी करते हुए कार से जा रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से एक पिस्टल, एक कारतूस, चाकू जप्त किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमति सोनाली दुबे ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बलेनो कार क्रमांक एमपी 20 जेड जे 2827 को नाकाबंदी कर अधारताल पुलिस द्वारा रोका गया। चालक आकाश उर्फगंगू यादव 30 वर्ष निवासी बड़ा पत्थर रांझी एवं कार में बैठे आसिफ खान 22 वर्ष निवासी रक्षानगर कालोनी बडा पत्थर रांझी की तलाशी ली गई तो उनके पास से अवैध हथियार मिले। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 पिस्टल, 1 कारतूस, 1 चाकू एवं बलेनो कार जप्त करते हुये आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

# पूर्व सीएम शिवराज सिंह ने रोपा पौधा



जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जबलपुर आगमन पर डुमना नेचर पार्क में पौधारोपण किया जिसमें भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष प्रभात साहू महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू विधायक अभिलाष पांडेय,कमलेश अग्रवाल, डॉ.शुभम अवस्थी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मोक्ष ने कराया बुर्जुग का अंतिम संस्कार



जबलपुर। मदन महल रेलवे ट्रैक पर एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर उसकी शिनाख्तगी के प्रयास शुरू किए लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए मोक्ष संस्था के आशीष को सौंपा गया। जिसके बाद मोक्ष टीम ने तिलवारा घाट में अंतिम संस्कार किया। इस दौरान मोक्ष मानव सेवा एवं जन उत्थान समिति सहयोगी वीरू बर्मन, प्रशांत श्वास योगेश कोरी, अरुण आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा ने गायब किए जातिगत आंकड़े : सुहासिनी यादव

**बोली : कांग्रेस करेगी सभी वर्गो के साथ न्याय**



**जबलपुर।** भाजपा ने हर दस साल में होने वाली जनगणना नहीं कराई। 2011 की जनगणना से जातिगत आंकड़े गायब कर दिये गये। कांग्रेस पार्टी हिस्सेदारी न्याय के तहत कांग्रेस राष्ट्रव्यापी आर्थिक सामाजिक जाति जनगणना करवाएगी। जिसके माध्यम से कांग्रेस जातियों, उपजातियों और उनकी आर्थिक सामाजिक स्थिति का पता लगाएगी। कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं गरीब सामानय वर्ग को मिलने वाले आरक्षण पर 50 प्रतिशत का वैसप हटाएगी। कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के अधिकारों की गारंटी देगी। कांग्रेस पार्टी हमेशा सबको साथ लेकर चलती है। इसलिये हमारी प्रतिबध्दता है कि आपकी हिस्सेदारी हमारी जिम्मेदारी होगी। यह बात राष्ट्रीय कांग्रेस मीडिया विभाग के संयोजक श्रीमति सुहासिनी शरद यादव एवं प्रदेश प्रवक्ता श्रीमति रोशनी यादव ने इंडिया गठबंधन बैनर के तले पत्रकारों से बातचीत करते हुए जबलपुर में कांग्रेस का न्याय पत्र के मुख्य बिन्दुओं को प्रस्तुत किया। आगे उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी के न्याय पत्र में दिशा भी है और दृष्टि भी है। सभी वर्गों के लिये कल्याणकारी योजनाएं एवं सामाजिक आर्थिक राजनैतिक न्याय को लेकर न्याय पत्र में प्रावधान किये गये हैं। इस समावेशी एवं सामाजिक न्याय पत्र के माध्यम से कांग्रेस अपनी परम्परानुसार देश के नागरिकों को अधिकार संपन्न बनाना चाहती है।

### युवा को मिलेगा न्याय

पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने बताया हर शिक्षित युवा को एक लाख रुपये की अप्रेटिसशिप का अधिकार दिया जाएगा। 30 लाख नौकरियां दी जाएंगी। पेपर लीक से मुक्ति के लिये नया कानून बनेगा। युवाओं के लिये 5 हजार करोड़ का स्टॉट अप फंड बनाएंगे। इससे 40 साल से कम के युवा अपना व्यवसाय शुरु कर पाएंगे। युवा न्याय के लिये पांच गारंटिया कांग्रेस पार्टी के न्याय पत्र में शामिल की गई है। पत्रकारवार्ता के दौरान विधायक लखन घनघोरिया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति कमलेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# देश और सभी लोगों का विकास ही मोदी की गारंटी है : राकेश

**संकल्प पत्र के माध्यम से भाजपा ने 2047 तक विकसित भारत बनाने का रोडमैप बनाया**



जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 सालों में हर क्षण भारत को श्रेष्ठ बनाने की दिशा में कार्य किया है एवं इस संकल्प पत्र के माध्यम से भाजपा ने 2047 तक भारत को विकसित बनाने का रोडमैप बनाया है, गारंटी को पूरा करने की गारंटी ही मोदी की गारंटी है यह बात लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए होटल नर्मदा जैक्सन सिविल लाइन में कही। श्री सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने 14 अप्रैल, 2024 को विकसित भारत के लिए अपना संकल्प पत्र लॉन्च किया है। इस संकल्प पत्र के लिए भाजपा ने पूरे देश में सुझाव संकलन अभियान चलाया। कार्यकर्ताओं के प्रयासों से और देशवासियों के सहयोग से भाजपा ने लगभग 15 लाख सुझाव प्राप्त किये। इनमें से 4 लाख सुझाव नमो एप के माध्यम से एवं शेष वीडियो वैन एवं सुझाव पेटियों के माध्यम से प्राप्त हुए। उन्होंने बताया रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अगुवाई में घोषणा पत्र समिति ने इन सभी 15 लाख सुझावों को विभिन्न मुद्दों के आधार पर 24 भागों में बांटा गया है। इनके माध्यम से पूरे देश का विकास मोदी की गारंटी है, जिसका अर्थ है हर गारंटी पूरी होने की गारंटी।

### पीएम ने देशवासियों का दिल जीता

श्री सिंह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और देशवासियों का विश्वास जीता है, अपनी साख बनाई है। इस संकल्प पत्र से मध्यप्रदेश में भी टूरिज्म, मेडिकल, शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में अपार संभावनाएं बढ़ेंगी। संकल्प पत्र में गरीबों की झुग्गी-झोपड़ियों का भी निदान खोजा गया है। अब सैटेलाइट टाउन का संकल्प लिया गया है।

### रेलवे और सड़क का नेटवर्क होगा बेहतर

श्री सिंह ने बताया कि संकल्प पत्र में प्रदेश में रेल सुविधाओं के विस्तार की बात भी कही गई है। सड़क निर्माण के क्षेत्र में भी हमने बहुत काम किया है तथा आने वाले समय में सड़क नेटवर्क को और बेहतर करेंगे। पत्रकार-वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मिकी, नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, ग्रामीण अध्यक्ष सुभाष तिवारी रानू, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रशांत तिवारी गोलू उपस्थित थे।

**समस्या** | **नौदरा ब्रिज पर नहीं दिखते पुलिस कर्मचारी**

# भगवान भरोसे नौदरा ब्रिज की ट्रैफिक प्रणाली



जबलपुर। शहर की यातायात ट्रैफिक सिग्नल इस कदर लचर हो गई है यह आधे से अधिक समय यह ठप्प ही पड़ी रहती है। इस की तस्वीर नौदरा ब्रिज पर स्थित यातायात सिग्नल में देखने को मिली यह ट्रैफिक सिग्नल विगत कुछ समय से बंद होने के कारण इस चौराहे को जाम के हालतों से सामना करना पड़ रहा है। रसल चौक, तीन पत्ती एवं तैय्यब अली रोड से आने वाले ट्रैफिक के भारी दबाव के चलते इस चौराहे पर असमंजस की स्थिति निर्मित हो रही है। ना ही इस चौराहे पर यातायात विभाग द्वारा जावन खड़ा किया गया था और ना ही इस खराब ट्रैफिक सिग्नल को दुरूस्त कर आम जनता को सहुलियत प्रदान की गई थी।

### हवा की रफ्तार से भागते लोग

शहर के नौदरा ब्रिज एवं अन्य जगहों का भी ट्रैफिक सिग्नल के हालत को देखते हुये आम जन हवा की रफ्तार से अपने वाहन लेकर सड़क क्रॉस करते है। यह स्थिति तब उत्पन्न होती है जब ट्रैफिक सिग्नल ठीक ढंग से काम नहीं करते है। परिमाण स्वरूप यह कार्य कभी भी बड़ी दुर्घटना का मुख्य कारण बन सकता है। आलम यह रहता है कि खराब सिग्नल देखकर कोई भी रूकने तैयार नहीं होता है। जिसके चलते शहर के अधिकांश चौराहों पर जाम के हालत दिनभर निर्मित होते रहते है। यातायात विभाग को खराब पड़े सिग्नलों को दुरूस्थ कर शहर की बिगड़ी हुई यातायात छवि को सुधारना चाहिए।

## पिकअप वाहन ने 2 बाईकों को रौंदा, 3 घायल

**जबलपुर।** शहपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत के मालकछार चरगवां रोड पर अचानक पिकअप वाहन ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी, जिसके कारण बाइक सवार तीन लोग को घायल हो गए हैं जिनको गंभीर चोटें पहुंची हैं। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 11 बजे पिकअप वाहन चालक ने मालकछार रोड पर स्कूल जा रहे शिक्षक सहित 2 पूर्व सरपंचों को टक्कर मारते हुए घायल कर दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसमें पिकअप वाहन भी पलट गया है। हादसे में कुल 3 लोगों को गंभीर चोटें पहुंची हैं। जिनको प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जबलपुर रेफर कर दिया गया है। एक्सीडेंट के बाद आरोपी पिकअप वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सड़क किनारे पलटे पिकअप को शहपुरा पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। घायलों की रिपोर्ट पर पुलिस ने वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है। शहपुरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पिकअप क्रमांक एमपी 20 जीबी 4995 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मालकछार से शहपुरा की तरफ जा रहा था, वहीं बाइक से नर्मदा जी जा रहे पूर्व सरपंच जगन्नाथ सोनी निवासी मालकछार एवं पूर्व सरपंच रमेश सिंह बबलू निवासी घुसौर को टक्कर मारने के बाद एक्टिवा से स्कूल जा रहे शिक्षक रमेश लाल कोल को भी अपनी चपेट में ले लिया। बाइक सहित एक्टिवा सवारों को टक्कर मारने के बाद ऑटो सड़क किनारे पलट गया। हादसे में जगन्नाथ को कान और पैर में गंभीर चोटें आई है और रमेश सिंह को भी आंख में गंभीर चोट आई हैं। वहीं शिक्षक के पैर पर भी गंभीर चोटें पहुंची है जिससे उनका दायां पैर नहीं उठ रहा था।स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एम्बूलेंस घायलों को लेकर अस्पताल पहुंची है। सभी घायलों का उपचार शहपुरा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर कर दिया है।

# इंद्रा मार्केट में यातायात पुलिस ने हटवाए अतिक्रमण



**यातायात थाना घमापुर ने की कार्यवाही**

**नवभारत, जबलपुर।** यातायात थाना घमापुर द्वारा लोहिया पुल इंदिरा मार्केट से लेकर माल गोदाम चौक तक सड़क किनारे अतिक्रमण कर लगाई गई दुकान संचालकों के ऊपर कार्यवाही करते हुए दुकानों के बाहर तक रखे हुए सामानों को हटाया गया। उसके अलावा इन दुकानदारों को समझाइए दी गई कि वह अपनी दुकान से अतिरिक्त बाहर सामान ना रखें। जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे और आने- जाने वाले लोगों को कोई समस्या न हो। यातायात घमापुर डीएसपी संगीता डमोर ने बताया कि सोमवार दोपहर को प्लेटफार्म क्रमांक एक लोहिया पुल से लेकर पूरे इंदिरा मार्केट में सड़कों के किनारे भोजनालय, ठेले टपरे और दुकानदारों के ऊपर कार्यवाही करते हुए सड़को तक सजी दुकानों के ऊपर कार्यवाही की गई और बाहर सड़कों तक सजी दुकानों को अंदर करवाया गया। इसके अलावा सड़कों तक खड़ी गाड़ियों को भी व्यवस्थित रूप से खड़े करने के लिए समझाइश दी गई। साथ ही सभी को समझाइए दी गई कि दोबारा सड़क पर वह वाहन खड़ा ना करें साथ ही दुकान में रखा सामान सड़क किनारे ना जमाए, अन्यथा उनके ऊपर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

**In The Court Of XVI Additional Dission Distring Session Judge, District Court Jabalpur**

Presiding Officer: अरुण प्रताप सिंह

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकामान हेतु)

(RCS HM/0000124/2023)

धर्मेन्द्र कुमार झारिया..........वादी

Vs

रेखा झारिया ..............प्रतिवादी

Process Id-/2024

पेशी दिनांक:- 13/05/2024

प्रेषिती

(1) रेखा झारिया पति धर्मेन्द्र कुमार झारिया पिता इमरत लाल झारिया पता- वर्तमान निवासी मनखेडी कॉलोनी बरगी नगर जिला जबलपुर मप्र पिन 482056

यह कि प्रार्थी धर्मेन्द्र कुमार झारिया ने आपके विरूद्ध आरसीएस एचएम। आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 13 ए हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 वास्ते विवाह विच्छेद की डिकीर प्रदान करने बावत। के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 10 अप्रैल 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय का मुद्रा

अरुण प्रताप सिंह